# रीवा संभाग एकल नलजल योजना में निचले पायदान पर

## प्रमुख सचिव पीएचई ने जताई नाराजगी, प्रमुख सचिव ने रीवा एवं शहडोल संभाग की समीक्षा की



नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी नरहरि ने भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा एवं शहडोल संभाग में एकल ग्राम नलजल योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं।**

इसकी गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिन संविदाकारों के कारण कार्य में विलंब हो रहा हो उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में श्री नरहरि ने कहा कि रीवा एवं शहडोल संभाग एकल नलजल योजना में प्रदेश के अन्य संभाग में अपेक्षाकृत निचले पायदान पर हैं। उन्होंने संभागायुक्तों से अपेक्षा की कि वह योजना की प्रगति की नियमित मानीटरिंग करें ताकि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सकें। प्रमुख सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कहा कि भारत सरकार की हर घर शुद्ध जल पहुंचाने की यह महत्वपूर्ण योजना है। इसमें प्रदाय की गई राशि का पूरी तरह से सदुपयोग हो तथा समय सीमा में ग्रामवासियों को शुद्ध जल मिल सके. उन्होंने कहा कि रीवा संभाग में एकल नलजल योजना अन्तर्गत घरेलू नलजल के 60148 कार्य शेष हैं. अभियान चलाकर कार्य को गति देते हुए 31 मार्च 2026 तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल ने बताया कि रिवीजन में लिए जाने के कारण नई निविदा के कार्य से देरी हुई है. इनमें से 17 हजार कनेक्शन मार्च तक तथा शेष 10 हजार कनेक्शन जून माह तक पूरे करा लिए जाएंगे. प्रमुख सचिव ने रीवा एवं शहडोल संभाग में एकल नलजल योजना के पूर्ण कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि पूरी हो गई योजनाओं को समारोहपूर्वक ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया जाए.

इस अवसर पर कमिश्नर बीएस जामोद ने आश्वस्त किया कि लगातार मानीटरिंग कर कार्य को समय सीमा में पूरा करा लिया जाएगा. उन्होंने बताया कि पाइपलाइन की उपलब्धता न होने के कारण कार्य में विलंब हुआ है. अधीक्षण यंत्री को भी नियमित मानीटरिंग के निर्देश दिए गए हैं.

### इनकी रही उपस्थिति

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय के व्हीसी कक्ष में कलेक्टर मैहर रानी बाटड, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, अधीक्षण यंत्री महेन्द्र सिंह उपस्थित रहे तथा संबंधित जिलों के कलेक्टर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे.

# बारिश के साथ रामपुर व कुसमी में गिरे ओले

## ओलावृष्टि से सरसों की फसल को सर्वाधिक क्षति



नवभारत न्यूज

**सीधी, 23 फरवरी. जिले में आज दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदलने से बारिश का दौर करीब एक घंटे तक चला। रामपुर नैकिन एवं कुसमी अंचल में ओले भी गिरे।**

रामपुर नैकिन और कंधवार सहित आसपास के कुछ गांवों में ओलावृष्टि भी हुई। गनीमत यह रही कि छोटे आकार के गिरे ओलों से ज्यादा क्षति नहीं हुई। यह अवश्य है कि ओलावृष्टि के चलते सरसो की फसल को सर्वाधिक क्षति पहुंची है। सरसो की फलियां टूटकर खेतों में बिखर गईं। जिससे पैदावार में भारी कमी आने की आशंका है। वहीं मटर की फसल भी ओलावृष्टि से प्रभावित बताई गई है। तेज हवाओं और ओलावृष्टि से बालियां जमीन पर गिर गईं। जिससे उनके सडने् का खतरा भी बन गया है। चने की फसल को भी नुकसानी होने से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। तत्संबंध में ओलावृष्टि प्रभावित कुछ किसानों का कहना था कि आज हुई ओलावृष्टि से चना और सरसो के साथ ही कुछ अन्य फसलों को भी क्षति पहुंची है। कुछ स्थानों में तेज हवाओं एवं ओलावृष्टि से आम के पेंड़ों में लगे छोटे फल भी टूटकर नीचे गिर गए। अधिकांश आम के पेंड़ों में इन दिनों बहुतायत में गौर लगे हुए हैं। ओलावृष्टि और तेज हवाओं के चलते इनके गिरने से आम की पैदावार भी संबंधित क्षेत्रों में प्रभावित हुई है। जिले में आज बारिश का दौर लगभग अधिकांश क्षेत्रों में चला।

### जहां ओला नहीं वहां आसमान से बरसा अमृत

ओलावृष्टि की खबरें अधिकांश क्षेत्रों से नहीं मिली हैं। जिन क्षेत्रों में ओलावृष्टि नहीं हुई वहां के लिए आज हुई बारिश फसलों के लिए काफी अमृतमयी मानी जा रही है। बारिश के चलते किसानों को फिलहाल फसलों की सिंचाई करने से भी मुक्ति मिली है। वहीं मौसम में भी ठंडक आ जाने से फसलों की पैदावार को भी काफी लाभ होगा। आकाश में उमड़ रहे बादलों के चलते बारिश की संभावना आगे भी जताई जा रही है। किसानों की मुश्किलें यह है कि यदि ओलावृष्टि हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

# नेवारी में मासूम की संदिग्ध मौत से हड़कंप

## तलाश के बाद मिला शव, जांच में जुटी पुलिस, नरबलि की आशंका



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 फरवरी। गढ़वा थाना क्षेत्र के बगदरा चौकी अंतर्गत ग्राम नेवारी से एक अत्यंत हृदयविदारक और सनसनीखेज मामला सामने आया है।**

लगभग डेढ़ वर्ष की मासूम बच्ची प्रियांशु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके को शोक और आक्रोश में डुबो दिया है। बच्ची के पिता संतोष कुमार पनिका, माता शिवकुमारी और दादा हरिशंकर पनिका का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से गांव ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी मातम पसरा हुआ है। इधर चर्चा है कि किसी ने नरबलि की भेंट चढ़ाया है। परिजनों के अनुसार 22 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे उसकी मॉ दूध पिलाकर घर में बच्ची को छोड़ कर सरसो की फसल काटने लगी। दोपहर करीब 12:30 बजे जब वापस घर आई तो बीटिया कहीं भी नही दिखी। कुछ देर बाद जब वह दिखाई नहीं दी, तो परिवार ने आसपास खोजबीन शुरू की। पहले परिजनों ने स्वयं उसे ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई। देखते ही देखते पूरा गांव खोज अभियान में जुट गया। खेतों, खलिहानों, झाड़ियों, कुओं और गांव के आसपास के हर संभावित स्थान पर बच्ची की तलाश की गई। रातभर चले इस प्रयास के बावजूद बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। आज दिन सोमवार की सुबह करीब 6:30 बजे गांव के समीप संदिग्ध अवस्था में बच्ची का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जैसे ही यह खबर फैली, गांव में कोहराम मच गया। मॉ का विलाप और परिजनों की चीख-पुकार ने माहौल को गमगीन कर दिया। सूचना मिलते ही बगदरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल हर पहलू से जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से पूछतांछ भी की जा रही है।

इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर इतनी छोटी बच्ची अचानक कैसे गायब हो गई, क्या यह सिर्फ लापरवाही का मामला है या इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश छिपी है। गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी।

### बिटिया के माथे पर सिंदूर व बिन्दी

प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि बीटिया प्रियांशु के माथे पर बिन्दी एवं सिंदूर लगा हुआ था। पैर में नाखून भी लगा मिला है। प्रियांशु की मॉ का कहना है कि उसे केवल कपड़ा पहना कर दूध पिलाई थी। बिन्दी एवं सिंदूर किसने लगाया है, नही पता है। अब यदि बात सही निकली तो, इसे नरबलि के श्रेणी में माना जाएगा। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बताएगी।

# परामर्श दात्री समिति की बैठक आज

नवभारत न्यूज

**सतना 23 फरवरी. बैंकों के जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक 24 फरवरी को सायं 4.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।**

अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने जिले के समस्त जिला समन्वयक, बैंकों एवं विभाग प्रमुखों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### मैहर में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**मैहर.** जिले में होली उत्सव, ईदुल फित्र, श्रीराम नवमी, भगवान परशुराम जयंती, डॉ. अम्बेडकर जयंती एवं अन्य पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था एवं सद्भावना बनाए रखने के उद्देश्य से मैहर में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 24 फरवरी को सायं 5 .30 बजे से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

# मोटरसाइकिल से गांजा सप्लाई कर रहा तस्कर जमोड़ी पुलिस की गिरफ्त में

- आरोपी के कब्जे से बोरी में डेढ़ किलो गांजा बरामद किया गया



नवभारत न्यूज

**सीधी, 23 फरवरी. नशे के विरुद्ध जमोड़ी पुलिस ने कड़ा प्रहार करते हुए मोटरसाइकिल से गांजा सप्लाई कर रहे तस्कर को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में अभियान प्रहार 2.0 के तहत जमोड़ी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसते हुए सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अवैध गांजा परिवहन कर रहे आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी जमोड़ी को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छिरौही निवासी राजलाल कोल अपनी मोटरसाइकिल से अवैध गांजा लेकर बिक्री हेतु गाड़ा खोह की ओर से आ रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम ने बिना समय गवाए ग्राम छिरौही के रास्ते पर मोर्चा संभाला। कुछ ही देर में संदेही मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जिसे रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक सफेद बोरी में 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 22,500 रुपये है। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल कीमत 50 हजार रुपये सहित कुल 72,500 रुपये का मशरूका विधिवत जप्त किया। आरोपी राजलाल कोल 33 वर्ष के विरुद्ध धारा 8, 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### इस कार्रवाई में इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक गोविंद लाल साकेत, प्रधान आरक्षक रामखेलावन पनिका, गुरु प्रसन्न सिंह, महिला प्रधान आरक्षक कुसुम कली, आरक्षक सतीश तिवारी, अंकित सिंह, महेंद्र शुक्ला एवं अभिषेक सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# बरहट से वर्दी तक निकली कलश शोभायात्रा संगम जल से अभिषेक कर पहुंचे श्रद्धालु

## श्रीराम कथा का शुभारंभ आज

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 23 फरवरी। जिले के चितरंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरहट मडरी स्थित महादेव मंदिर परिसर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा पर आधारित संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ किया गया।**

बरहट से वर्दी तक निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालु शामिल हुए। वर्दी संगम नदी से विधिवत कलश में जल भरकर श्रद्धालु महादेव मंदिर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन में कथा व्यास सुश्री संतना द्विवेदी के श्रीमुख से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा का रसपूर्ण वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 24 फरवरी से होगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार कथा का समापन 2 मार्च को चढ़ौत्री एवं पूर्णाहुति के साथ होगा, जबकि 3 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सद्भावना को मजबूत करने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के आयोजक मडरी महादेव मंदिर समिति एवं भक्तगण हैं तथा संयोजक सूरज मिश्र महाराज बरहट क्षेत्रवासी हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भक्ति गीतों व जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# अधिवक्ता संघ की सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 28

**सतना, 23 फरवरी.** जिला अधिवक्ता संघ सतना के सचिव शैलेश पाण्डेय ने बताया है कि जिला अधिवक्ता संघ सतना के अधिवक्ताओं को सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए कई अवसर दिए गए है किन्तु जिन अधिवक्ताओं की सदस्यता शुल्क अभी तक जमा नहीं हुई है ऐसे अधिवक्ता दिनांक 28 फरवरी 2026 तक आवश्यक रूप से जमा कर दें क्योंकि सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 नियत की गई है जिन अधिवक्ताओं की सदस्यता शुल्क 28 फरवरी तक जमा नहीं होगी ऐसे अधिवक्ता आगामी द्विवर्षीय मतदान के पात्र नहीं होंगे।

# मझौली पुलिस ने गुजरात के कच्छ से किशोरी को किया दस्तयाब

नवभारत न्यूज

**सीधी, 23 फरवरी. जिले की मझौली पुलिस ने लगभग 3000 किलोमीटर का सफर तय कर गुजरात के कच्छ से नाबालिग किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब किया ।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में मझौली पुलिस ने एक चुनौतीपूर्ण मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। गुमशुदा नाबालिग किशोरी की तलाश में पुलिस टीम ने लगभग 3000 किलोमीटर का लंबा सफर तय कर महज एक सप्ताह के भीतर किशोरी को गुजरात के कच्छ से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार

परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक विशाल शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर पता चला कि किशोरी गुजरात के कच्छ जिले में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई और मध्य प्रदेश से गुजरात तक का लगभग 3000 किलोमीटर का चुनौतीपूर्ण सफर तय किया। टीम ने अथक परिश्रम और सूझबूझ का परिचय देते हुए किशोरी को सुरक्षित ढूंढ निकाला और वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे वापस सीधी लेकर आए।

# मोबाइल देखकर किशोर ने चचेरी बहन से किया दुष्कर्म

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, रीवा जिले में मानवता को हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है. यहां मोबाइल में आपत्तिजनक वीडियो देखकर एक किशोर ने अपनी 6 साल की चचेरी बहन के साथ बलात्कार किया है.**

घर वालों को घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए. वे बच्ची को उपचार के लिए यूपी लेकर गए थे जहां से इलाज के बाद रविवार को थाने में शिकायत दर्ज करवाने पहुंचे. घटना रीवा जिले के तराई क्षेत्र की बताई जा रही है. जहा 14 साल का किशोर अपनी 6 साल की चचेरी बहन को शनिवार की रात कुरकुरे खिलाने ले गया था. दुकान से वापस घर आया और कमरे में बच्ची को लेकर जाकर उसके साथ गलत हरकत करने लगा. दर्द होने पर बच्ची जोर-जोर से रोने लगी जिसे सुनकर दूसरे कमरे में मौजूद परिजन पहुंच गए. इस दौरान बच्ची के साथ उसे इस हालत में देखकर परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई. घटना की शिकार बच्ची को तेज ब्लीडिंग हो रही थी जिस पर रात में परिजन उसे यूपी के अस्पताल में लेकर गए और भर्ती कराया. हालत सुधरने पर रविवार को परिजन उसे लेकर थाने आए और शिकायत दर्ज कराई. जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. बच्ची को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया जिसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.


एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

सूचना संख्या एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्सन/25-26/1648 दिनांक : 21.02.2026

**सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से फरवरी 2026 माह मे कोयले की बिक्री की सूचना**

**नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र.** सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से **"कोयले"** की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमे कोई भी भारतीय क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरीये कोयला प्राप्त कर सकता है। **"फरवरी 2026"** के लिये दिनांक **"28.02.2026"** को होने वाले ई-ऑक्सन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्ते एनसीएल की वेबसाइट **"www.nclcil.in"**, सर्विस प्रोवाइडर "एम-जंक्शन" की वेबसाइट **https://www.coaljunction.in**, तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

R-74  **महाप्रबंधक (वि. एवं वि.) एनसीएल सिंगरौली**


# नशे में स्टेयरिंग थामने वालों पर सख्ती

- 9 वाहन चालकों पर बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 फरवरी। सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के उद्देश्य से थाना यातायात पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। 22-23 फरवरी की मध्यरात्रि को शहर के प्रमुख चौराहों पर औचक चेकिंग लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई।**

यातायात पुलिस टीम ने निगाही मोड़, अमलोरी तिराहा और पुराना ट्रैफिक तिराहा पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान करीब 53 वाहनों की जांच की गई। चालकों को समझाइश दी गई कि शराब या अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से मानसिक संतुलन प्रभावित होता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

चेकिंग के दौरान 5 ट्रक और 4 कार समेत कुल 9 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी वाहनों को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई के तहत न्यायालय में पेश किया जाएगा। साथ ही संबंधित चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में भी इस प्रकार का विशेष अभियान चलाया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी यातायात सहित सउनि सवालिया रावत, सुरेश शुक्ला, आर प्रवेश, जितेंद्र, योगेंद्र एवं अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करें और नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें।


नव भारत

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

**आवश्यकता है**

**देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के सतना संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।**

**सब एडीटर**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**प्रसार प्रतिनिधि**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का अनुभव स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**रिपोर्टर**
योग्यता - स्नातक, रिपोर्टर क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

: संपर्क करें :

**नवभारत प्रेस होटल साई छाया इन के सामने रीवा रोड, गहरा नाला सतना (म.प्र.)**

**फोन :- 9827271199, ई-मेल : navabharatsatna@gmail.com**


# प्रदेश के बजट में सभी वर्गों का रखा गया ध्यान : गणेश




नवभारत न्यूज

**सतना, 23 फरवरी. प्रदेश के वर्ष 26-27 के बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है. यह विकसित भारत की नीति की ओर बढते कदम है. यह बात सांसद गणेश सिंह ने प्रदेश के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही.**

भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री सिंह ने प्रदेश के बजट का स्वागत किया. इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय और जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता भी उपस्थित थे.सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह बजट युवाओं किसानों व्यापारियों गरीब मजदूर के लिए दूरदर्शी ईश्वर व्यापी बजट है। अब तक का सबसे बड़ा बजट है,जो प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। पिछले दो वर्ष की तुलना में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,41,000 से बढ़कर 1,69,000 हो गई है, यह 19.25 प्रतिशत की वृद्धि सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है। यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस करता है,जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बजट में गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं तथा 1 लाख सोलर पंप किसानों को देने की तैयारी की गई है प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 1लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है और फसल बीमा के लिए 1,300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में 'लाड़ली बहना योजना' के लिए 23,000 हजार करोड़ से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए 5,700 महिला हॉस्टल के निर्माण तथा उनकी सुरक्षा और पेंशन पर विशेष जोर दिया गया है।युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 25,000 करोड़ के ऋण प्रावधान किए गए हैं तथा खेलों के विकास के लिए 815 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु मजरे-टोले की सड़कों के लिए 21,000 करोड़ से अधिक की राशि दी गई है।

### मुख्यमंत्री व वित्तमंत्री का माना आभार

अब तक का सबसे बड़ा बजट समावेशी विकास और समृद्ध मध्यप्रदेश की दिशा में बढ़ता देवतुल्य मध्यप्रदेश की जनता के विकास का बजट, विधानसभा में प्रस्तुत बजट 2026-27 समृद्ध, संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने वाला है . सांसद गणेश सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99